अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में आज दिनांक 29 अगस्त 2023 को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर, जिसे राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है, खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय के शूटर शुभम बीसला जिन्होंने गत 14 से 15 जुलाई 2023 तक चलने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त किया था को 5100/ रुपए, अनमोल जैन जिन्होंने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स जो 28 जुलाई से 8 अगस्त तक चीन में संपन्न हुए में कांस्य पदक जीता था को 5100/ रुपए और हर्षिता जिन्होंने ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप जोकि 25 से 26 अगस्त कुरुक्षेत्र हरियाणा में संपन्न हुई में कांस्य पदक प्राप्त किया को 1100/ रूपए के नगद पुरुस्कार से नवाजा गया। इन सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते समय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी ने कहा कि देश के सभी खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद जो हॉकी के जादूगर के नाम से प्रसिद्ध रहे हैं के पदचिन्हों पर चलना चाहिए तभी वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री देवेंद्र गुप्ता जी हमेशा ही उत्कृष्ट खिलाड़ियों का मान बढ़ाने व हरसंभव मदद के लिए तैयार रहते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के खेलकूद संयोजक डॉ० के.एल. कौशिक व महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग प्राध्यापक डॉ० जगबीर सिंह उपस्थित रहे।